नवभारत

साइबर अपराध पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

■ पारस (सं). स्थानीय संत गजानन इंग्लिश मीडियम स्कूल में साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल और फ्रॉड, ऑनलाइन शॉपिंग, नए मोबाइल एप, फर्जी लिंक से दूर रहने के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया गया. इस संबंध में शंकरलाल खंडेलवाल कॉलेज अकोला की छात्रा भूमिका खत्री, अपूर्व दाते ने उत्कृष्ट मार्गदर्शन किया. इस तरह के ऑनलाइन फ्रॉड से आप कैसे दूर रह सकते हैं, इसके बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज लांडे, सहायक शिक्षक नीलेश सातव, शिवाजी पंडितकर, सय्यद असलम, राजेश दिवनाले, सुफीयान अन्सारी, तिलक भारंबे, हेमंत उपरीकर, शाहिस्ता परवीन, वर्षा खोडके, रविना लांडे, वनमाला दिवनाले, दीपाली दली, कल्याणी बकाल, जयमाला बोडखे, आरती राउत, प्राची राउत, ज्योति वानखड़े, दर्शना वानखड़े, कर्मचारी करुणा गवई, किरण इंगले, रामकृष्ण कुकडे उपस्थित थे.

Akola Edition
19-october-2022 Page No. 3
epaper.enavabharat.com